दिन—बुधवार दिनांक— 04 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने राज्यों को दस सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

02. भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपियों की दोष सिद्धि के मामले में सारण देश का पहला जिला बना। तिहरे हत्याकांड में अड़तालीस दिनों के अन्दर मामले की सुनवाई पूरी हुई।

03. सीतामढ़ी स्थित रीगा चीनी मिल का संचालन बेंगलुरू की निरानी शुगर लिमिटेड करेगी। कम्पनी ने चार वर्षों के लिए छियासी करोड़ पचास लाख रूपये में मिल का किया अधिग्रहण।

04. और, पटना, औरंगाबाद, वैशाली और सारण समेत राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश। लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे दस सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्ति करें। साथ ही राज्यों को सुरक्षा उपायों का आकलन और उसमें सुधार करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य और पुलिस अधिकारियों के परामर्श से सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश भी दिया गया है। राज्यों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों का लगाया जाना और उनके ठीक से काम करना सुनिश्चित करें। साथ ही अस्पतालों में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मियों और संविदा कर्मचारियों की पृष्ठभूमि की भी जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपियों की दोष सिद्धि के मामले में सारण देश का पहला जिला बन गया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव में सत्रह जुलाई को हुये तिहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने चौदह दिनों के अन्दर आरोप पत्र समर्पित किया। साथ ही

अड़तालीस दिनों के अन्दर नये कानून के तहत आरोपियों की दोष सिद्धि हुई। उन्होंने बताया कि मामले के आरोपी सुधांशु कुमार और अंकित कुमार को अदालत ने दोषी माना है और कल दोनों को सजा सुनाई जायेगी।

---

केन्द्र सरकार ने पीएम पोषण योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष के लिए बिहार को दो हजार एक सौ उनासी करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र द्वारा लगभग छह सौ करोड़ रूपये की पहली किस्त की राशि जल्द ही मिलेगी।

---

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज नई दिल्ली में नया नोटरी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि यह पेपरलेस, फेसलेस और कुशल प्रणाली प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मेघवाल ने कहा कि यह पोर्टल उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है साथ ही इससे नोटरी और जनता को मदद मिलेगी। नोटरी पोर्टल आवेदन जमा करने, प्रैक्टिस प्रमाणपत्र जारी करने और नवीनीकरण करने, प्रैक्टिस क्षेत्र में बदलाव और वार्षिक रिटर्न जमा करने जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए नोटरी और सरकार के बीच एक ऑनलाइन इंटरफ़ेस प्रदान करता है।

---

रेलवे भर्ती बोर्ड, आरआरबी ने एनटीपीसी भर्ती दो हजार चौबीस के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत विभिन्न जोन में कुल ग्यारह हजार पांच सौ अट्ठावन पदों पर नियुक्तियां होगी। इसमें इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कुल तीन हजार चार सौ पैंतालीस पदों पर और स्नातक पास उम्मीदवारों के लिए आठ हजार एक सौ तेरह पदों पर नियुक्तियां निकाली गयी है। भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया चौदह सितम्बर से शुरू होगी।

---

सीतामढ़ी स्थित रीगा चीनी मिल का संचालन बेंगलुरू की निरानी शुगर लिमिटेड करेगी। इस कम्पनी ने चार वर्षों के लिए छियासी करोड़ पचास लाख रूपये में रीगा चीनी मिल का अधिग्रहण किया है। बतौर सुरक्षित राशि कम्पनी ने चार करोड़ अस्सी लाख रूपये जमा कर दिये हैं। रीगा चीनी मिल वर्ष दो हजार नौ से घाटे में चल रही थी। घाटे का हवाला देते हुये मिल के सीएमडी ओम प्रकाश धानुका ने वर्ष दो हजार बीस में चीनी मिल को बंद करने का फैसला किया था।

---

राज्य में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक सोलह मामले पटना से हैं। पटना के कंकड़बाग, बांकीपुर और अजीमाबाद को डेंगू के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुये सभी जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए बेड आरक्षित रखने को कहा गया है।

———————————————————————————

राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली के डॉ. सुभाष गिरी ने डेंगू पीड़ितों को चिकित्सक की सलाह के आधार पर ही दवाओं का सेवन करने का परामर्श दिया है।

———बाईट———

———————————————————————————

शिक्षक दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य सरकार इकतालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगी। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें ग्यारह महिला शिक्षक शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों को पंद्रह हजार रूपये नकद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सबसे अधिक तीन शिक्षक औरंगाबाद जिले के हैं। वहीं, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सीवान, सुपौल, पूर्णियां, भागलपुर और रोहतास जिले के दो—दो शिक्षक हैं। यह समारोह कल पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा। इधर, राज्य के दो शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। कैमूर जिले के सिकेन्द्र कुमार सुमन और मधुबनी जिले की डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी को कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

———————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय— पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर चल रही धोखाधड़ी के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें बताया गया कि लोगों से फर्जी नोटिस के आधार पर ढ़ाई हजार रुपये की मांग की जा रही है। इस नोटिस में दूरसंचार विभाग द्वारा प्राप्तकर्ता के स्थान पर मोबाइल टावर लगाने के लिए शुल्क लेकर फर्जी अनापत्ति प्रमाणपत्र दिए जाने का दावा किया गया है। पी आई बी ने बताया कि ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए परिसर को पट्टे पर देने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई शुल्क या कर एकत्र नहीं करता है।

———————————————————————————

पटना, औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर, वैशाली और सारण समेत राज्य के कई हिस्सों में आज मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। पटना में कई जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। बारिश के कारण पटना सचिवालय स्थित विकास भवन की चहारदीवारी का एक हिस्सा ढह गया। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी के बोखरा में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है।

———————————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने पैक्स चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। यह चुनाव नवम्बर महीने में प्रस्तावित है। प्राधिकार ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि इस बार भी कार्यकारिणी के पदों पर पिछली बार की तरह ही आरक्षण के प्रावधान लागू रहेंगे। मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से होगा और प्रत्येक मतदाता पांच पदों के लिए मतदान करेंगे। चुनाव के लिए इस महीने से ही पदाधिकारियों को प्रशिक्षण शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह को उनके मोबाइल पर रंगदारी के साथ जान से मारने की धमकी मिली है। मामले को लेकर सांसद ने नगर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया गया है कि उन्हें नेपाल के एक मोबाईल नम्बर से मैसेज के जरिये धमकी दी गयी है। इधर, खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अलौली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिषहरिया में कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल की टेबलेट खाने के बाद लगभग दो दर्जन विद्यार्थी बेहोश हो गये। सभी बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

सीवान जिले में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए ऋण लेकर राशि नहीं लौटाने वाले तेरह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं, दस पर सर्टिफिकेट केस किया गया है। जबकि दो सौ साठ लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

---

बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के दो गांवों में किसानों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में दमन विरोधी मार्च निकाला गया। इसमें अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव और आरा के सांसद सुदामा प्रसाद भी शामिल हुये।

---

मोतिहारी स्थित छतौनी बस स्टैंड से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने लगभग चार किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के कंगली थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर छह किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कलवारी गांव में गंडक नदी में नाव पलटने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार को स्थानीय लोगों ने बचा लिया।

---

शेखपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा गांव स्थित एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई है।

---

रेलवे द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन वाईल्ड लाईफ के तहत सासाराम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने दो तस्करों को दो सौ पच्चीस तोता और छह तीतर पक्षी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज शहर में पिछले दिनों एक धार्मिक जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के छौड़ादानो प्रखंड के खैरवा पैक्स प्रबंधक, राजकुमार सिंह को पुलिस ने धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

---

कटिहार जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी मोहम्मद सलाम और मोहम्मद अली को सश्रम आजीवन कारावास तथा दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र अन्तर्गत परसावां गांव के पास मद्य निषेध इकाई और पुलिस की टीम ने एक हाईवा वाहन से चार हजार लीटर स्प्रीट बरामद की है। हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. केन्द्र सरकार ने राज्यों को दस सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।
02. भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपियों की दोष सिद्धि के मामले में सारण देश का पहला जिला बना। तिहरे हत्याकांड में अड़तालीस दिनों के अन्दर मामले की सुनवाई पूरी हुई।
03. सीतामढ़ी स्थित रीगा चीनी मिल का संचालन बेंगलुरू की निरानी शुगर लिमिटेड करेगी। कम्पनी ने चार वर्षों के लिए छियासी करोड़ पचास लाख रूपये में मिल का किया अधिग्रहण।
04. और, पटना, औरंगाबाद, वैशाली और सारण समेत राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश। लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।